हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार, 15 अक्टूबर 2025

9 ठेका प्रणाली के विरोध में गरजे सफाई कर्मचारी



10 चरक पार्क की बर्बादी पर प्रशासन की खामोशी



## खबर संक्षेप



झज्जर। राजकीय पीजी नेहरू कालेज में आयोजित ड्रा प्रक्रिया में उपस्थित अधिकारी व लाभार्थी। फोटो: हरिभूमि

### छह गांवों में 319 लाभार्थियों को प्लॉट किए आवंटित

**झज्जर।** मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जिले के चयनित छह गांवों के पात्र परिवारों को प्लॉट आवंटित किए जा रहे हैं। सोमवार को ड्रॉ प्रक्रिया राजकीय नेहरू पीजी कॉलेज में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता एडीसी जगनिवास ने की। प्लाटों का ड्रॉ हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से पारदर्शी तरीके से संपन्न हुआ। इस दौरान गांव खेड़का गुज्जर, खरमाण, दहकौरा, दुल्हेड़ा, सिलाना तथा पाटौदा के कुल 319 लाभार्थियों को ऑनलाइन ड्रा के माध्यम से प्लाट आवंटित किए गए।

### 11वां श्री गोवर्धन नगर परिक्रमा महोत्सव 22 को

**बहादुरगढ़।** शहर में 22 अक्टूबर को 11वां श्री गोवर्धन नगर परिक्रमा महोत्सव बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया जाएगा। गोवर्धन परिक्रमा आयोजक मंडल से जुड़े शिवम गोयल ने बताया कि परिक्रमा का शुभारंभ प्रातः साढ़े 5 बजे अग्रवाल कॉलोनी स्थित एमसी पार्क से होगा। यह यात्रा नाहरा–नाहरी रोड, मॉडल टाउन, रेलवे रोड, अनाज मंडी से होते हुए पुनः अग्रवाल कॉलोनी पार्क पर संपन्न होगी। आयोजन के मुख्य अतिथि विधायक राजेश जून होंगे। बुजुर्गों सुविधा के लिए ई-रिक्शा की व्यवस्था की गई है।

### शहर में कर्मचारियों का झाड़ू प्रदर्शन आज

**बहादुरगढ़।** नगर पालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर बुधवार को झाड़ू प्रदर्शन किया जाएगा। इस बारे में जानकारी देते हुए इकाई प्रधान राजेश बालगुहेर ने बताया कि आईपीएस पूरन कुमार की आत्महत्या समाज को झकझोरने वाली है। देश और प्रदेश में जबरदस्त आक्रोश है। संघ इसकी निंदा करता है और आईपीएस वाई पूरन कुमार के परिवार को न्याय दिलाने की मांग करता है। इसलिए संघ की ओर से बुधवार को शहर में प्रदर्शन किया जाएगा। राव तुलाराम पार्क से लेकर मेन बाजार से होते हुए लाल चौक पर प्रदर्शन का समापन किया जाएगा।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 13 दिसंबर को

**झज्जर।** झज्जर एवं बहादुरगढ़ न्यायिक परिसर में आगामी 13 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम विशाल ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए विभिन्न बैंकों, सरकारी विभागों के अधिकारियों के साथ सामंजस्य स्थापित किया गया है।

दीपावली से करीब एक सप्ताह पहले ही बहादुरगढ़-एनसीआर की हवा होने लगी खराब, विशेषज्ञों ने चेतावनी दी

# बहादुरगढ़ में 229 पहुंचा एक्यूआई ग्रेप के पहले चरण की पाबंदियां लागू

## पहले चरण में धूल उड़ाने वाले निर्माण एवं खुदाई कार्य बंद होंगे, वाहनों की संख्या पर भी लगाम लगाएंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

दीपावली से करीब एक सप्ताह पहले ही बहादुरगढ़-एनसीआर की हवा खराब होने लगी है। मंगलवार को बहादुरगढ़ में वायु गुणवत्ता सूचकांक 229 तक पहुंच गया। वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में पहुंचने के साथ ही ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान यानी ग्रेप का पहला चरण लागू कर दिया गया है। बता दें कि बहादुरगढ़ में बीते कई दिनों से वायु गुणवत्ता की स्थिति खराब होती जा रही है। मंगलवार को एक्यूआई 229 रिकॉर्ड हुआ। यह खराब श्रेणी में आता है, जहां आम लोगों को भी प्रदूषण के प्रतिकूल प्रभाव होने लगते हैं। हवा की दिशा और गति कमजोर होने की स्थिति में प्रदूषण और अधिक खतरनाक हो सकता है। यदि प्रदूषण बढ़ता रहा तो ग्रेप के अगले चरण की पाबंदियां लागू हो सकती हैं। हवा की सेहत दुरुस्त रखने के लिए सार्वजनिक जागरुकता और प्रशासन की कार्रवाई बहुत महत्वपूर्ण होगी।

### जिले में पटाखों के निर्माण, भंडारण और बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध

**झज्जर।** एनसीआर में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने एवं सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों की अनुपालना में जिलाधीश स्वप्निल रविंद्र पाटिल द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 तथा विस्फोटक अधिनियम, 1884 एवं पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के प्रावधानों के तहत आदेश जारी कर जिला झज्जर की सीमा में सभी प्रकार के पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री और फोड़ने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। आदेशों की उल्लंघना करने वालों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023, विस्फोटक अधिनियम, 1884, विस्फोटक नियम, 2008 एवं पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 15 के अंतर्गत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### ग्रेप वन में यह होती हैं पाबंदियां

हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी शैलेंद्र अरोड़ा ने बताया कि ग्रेप की पाबंदियां चरणबद्ध तरीके से लागू की जाती हैं। एनसीआर और आस-पास के क्षेत्रों में वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए ग्रेप का प्रथम चरण लागू किया गया है। ग्रेप के पहले चरण में धूल उड़ाने वाले निर्माण एवं खुदाई कार्य बंद रहेंगे। खुले में कचरा या पत्तियां जलाने पर प्रतिबंध का सख्ती से पालन होगा। सड़कों की पानी से सफाई समेत धूल रोकने वाले उपाय करने होंगे। निजी वाहनों की संख्या कम करना, सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देना होगा। जनरेटर आदि पर निगरानी रहेगी।

### फेफड़ों के लिए बेहद घातक

गौरतलब है कि बहादुरगढ़-एनसीआर में पहले भी इसी तरह की पाबंदियां लागू की जा चुकी हैं। जब एक्यूआई 200 से ऊपर पहुंचता है तो ये बंदिशें लागू हो जाती हैं। डॉ. बीएन मिश्रा के अनुसार खराब श्रेणी में वायु में मौजूद सूक्ष्म कण सांस की नली, फेफड़ों और हृदय पर दुष्प्रभाव डाल सकते हैं। सांस लेने में तकलीफ, खांसी, गले में खराश, आंखों में जलन व थकान आदि लक्षण दिखाई दे सकते हैं। डॉ. सुखपाल धारीवाल के अनुसार खराब वायु गुणवत्ता के कारण बच्चे, बुजुर्ग व सांस या फेफड़े की समस्या वाले लोगों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए।

# बहादुरगढ़ में अवैध प्लास्टिक यूनिट्स पर गिरी गाज

## प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने शोकॉज नोटिस किए जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

- हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने आसौदा गांव के निकट की बड़ी कार्रवाई

हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने मंगलवार को गांव आसौदा के पास अवैध रूप से चल रही तीन प्लास्टिक कचरा गल्ला निर्माण इकाइयों का भंडाफोड़ किया। ये यूनिट्स रात के समय संचालित की जा रही थीं और क्षेत्र में प्रदूषण फैला रही थीं। एचएसपीसीबी के एसडीओ अमित कटारिया और जूनियर इंजीनियर सोनू के नेतृत्व में बोर्ड की टीम ने आसौदा गांव के रकबे में निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने पाया कि ये इकाइयां बिना किसी वैध अनुमति के प्लास्टिक कचरे से उत्पाद तैयार कर रही थीं, जिससे वायु एवं पर्यावरण प्रदूषण फैल रहा था। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने संबंधित इकाइयों को शोकॉज नोटिस जारी कर दिया है। बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी शैलेंद्र अरोड़ा ने बताया कि नोटिस की अवधि समाप्त होने के बाद इन इकाइयों को बंद करने की कार्रवाई की जाएगी। उनका कहना है कि इस प्रकार की अवैध इकाइयां पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा हैं, इसलिए ऐसे संचालन पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। बोर्ड अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि भविष्य में ऐसे किसी भी अवैध संचालन के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



बहादुरगढ़। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने आसौदा के निकट पकड़ी अवैध प्लास्टिक कचरा गल्ला निर्माण इकाई। फोटो: हरिभूमि



झज्जर। जसलीन कौर, डीसीपी हेडक्वार्टर। फोटो: हरिभूमि

### शस्त्र लाइसेंस धारक समय पर करवाएं नवीनीकरण : डीसीपी

- लाइसेंस की वैधता समाप्त होने से 60 दिन पहले करें आवेदन

**झज्जर।** जिले के सभी शस्त्र लाइसेंस धारक अपने लाइसेंस का नवीनीकरण समय पर करवाएं। देरी करने पर संबंधित धारकों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। जिसमें लाइसेंस रद्द करना भी शामिल है। डीसीपी जसलीन कौर ने बताया कि कुछ शस्त्र लाइसेंस धारक निर्धारित समय सीमा के भीतर अपने लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं करवा रहे हैं, जिससे सुरक्षा व्यवस्था और रिकॉर्ड की निगरानी में कठिनाइयां उत्पन्न हो रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी का शस्त्र लाइसेंस निर्धारित समय पर नवीनीकृत नहीं किया जाता तो वह अवैध माना जाएगा। उन्होंने कहा कि शस्त्र अधिनियम के अनुसार शस्त्र लाइसेंस की वैधता समाप्त होने से 60 दिन पहले नवीनीकरण के लिए आवेदन करना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि कई लाइसेंस धारक समय रहते आवेदन नहीं करते हैं और लाइसेंस समाप्त होने के बाद भी शस्त्र अपने पास रखते हैं, जो कि पूर्णतः अवैध है।





झज्जर। मृतक सचिन का फाइल फोटो तथा नागरिक अस्पताल परिसर में पोस्टमार्टम के लिए कागजी कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मी। फोटो: हरिभूमि

# ट्राले की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

- ड्यूटी करने के बाद मोटरसाइकिल पर अपने चचेरे भाई नीरज के साथ घर लौट रहा था सचिन

क्षेत्र के गांव पाटौदा के नजदीक तेज रफ्तार ट्राले ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। जिसके चलते मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरे को हल्की चोटें आईं। मृतक की पहचान जिले के गांव बिठला निवासी करीब 26 वर्षीय सचिन पुत्र सुभाष के तौर पर हुई है। सोमवार शाम करीब साढ़े छह बजे यह हादसा उस समय हुआ जब लुहारी क्षेत्र की एक निजी कंपनी में कार्य करने वाला सचिन अपने चचेरे भाई नीरज के साथ ड्यूटी के बाद मोटरसाइकिल पर घर लौट रहा था। जब उनकी मोटरसाइकिल पाटौदा के नजदीक पहुंची तो तेज रफ्तार ट्राले ने उन्हें टक्कर मार दी। इसके बाद राहगीरों की सहायता से दोनों घायलों को उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने सचिन को मृत घोषित कर दिया। इस घटना में नीरज को भी हल्की चोट आई। इस दौरान ट्राला चालक घटनास्थल पर ट्राला छोड़ मौके से फरार हो गया। मंगलवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। मामले के जांच अधिकारी सागर ने बताया कि नीरज की शिकायत पर अज्ञात ट्राला चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### लड़की की चार साल पहले बनाई आपत्तिजनक वीडियो पर केस दर्ज

- परिवार के सामने अब वीडियो आने पर करवाया केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** इलाके में एक युवती का आपत्तिजनक वीडियो बनाकर वायरल करने का मामला सामने आया है। मामला सेक्टर-6 थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने मामले में छानबीन शुरू कर दी है। मामले की हकीकत जांच के बाद स्पष्ट हो सकेगी। दरअसल, प्रवासी मूल की लड़की परिवार सहित सेक्टर-6 थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में रहती है, वहीं जिस युवक पर यह गंभीर आरोप लगे हैं, वह इसी थाना क्षेत्र के एक गांव का निवासी है। पीड़िता की उम्र करीब साढ़े 18 साल है। जानकारी के अनुसार, पीड़िता और आरोपी युवक के बीच करीब चार साल पहले दोस्ती हुई थी। उसी दौरान यह वीडियो बनाई गई। यह वीडियो एक परिचित युवक के पास पहुंची तो उसने पीड़िता के पिता को मामले से अवगत करा दिया। इसके बाद पीड़िता के पिता ने मामले को गंभीरता से लिया और शिकायत दी। जब यह घटना हुई, उस दौरान पीड़िता किशोरी थी। लिहाजा पोक्सो, आईटी, छेड़छाड़ सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया।

# सिलोठी में बनेगा स्मारक व कोचिंग सेंटर

## दलाल परिवार के प्रतिनिधिमंडल ने शिलान्यास के लिए सीएम को दिया आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

- दलाल परिवार द्वारा सिलोठी गांव में 2 एकड़ जमीन पर स्मारक व लाइब्रेरी बनाई जाएगी, पार्क की सुविधा भी होगी

दलाल परिवार का एक प्रतिनिधिमंडल चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सैनी से मिला और उन्हें सम्मानित किया। साथ ही दलाल राष्ट्रीय स्मारक तथा निशुल्क कोचिंग सेंटर के शिलान्यास समारोह में आने के लिए आमंत्रित किया।

अंतरराष्ट्रीय संत गुरप्रीत सिंह दलाल, मेजर रघबीर सिंह, आईएफएस सुरेश दलाल, कप्तान मान सिंह दलाल, कप्तान राजेंद्र सिंह दलाल, विश्वदीप दलाल, संजीव दलाल, नवीन दलाल, रामधन दलाल, दयानंद दलाल, सूबेदार राकेश दलाल, डॉ. स्वर्ण सिंह, प्रवीन व संगीत ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात की। यूथ इंडिया संगठन के अध्यक्ष विश्वदीप दलाल ने बताया कि दलाल परिवार द्वारा सिलोठी गांव में 2 एकड़ जमीन पर स्मारक एवं लाइब्रेरी बनाई जाएगी। यहां लोगों की सुविधा के लिए पार्क भी बनाया जाएगा।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने के लिए दलाल खाप के प्रतिनिधिमंडल ने सीएम से मुलाकात की। उनके अनुसार सीएम नायब सिंह सैनी ने दलाल परिवार को उद्घाटन समारोह में आने का वादा किया और इस परियोजना को अपना पूरा सर्मथन देने का आश्वासन दिया। युवाओं को शिक्षित करने और अपने इतिहास से परिचित करवाने के लिए दलाल खाप यह पहल करने जा रही है।




बहादुरगढ़। सीएम नायब सैनी को सम्मानित करते दलाल परिवार के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

दीपावली पर घरों की सजावट वाले सामान का दुकानदारों ने बढ़ाया स्टॉक

# त्योहारी सीजन में फर्नीचर और पेंट बाजार में आई रौनक

- फोल्डिंग फर्नीचर या मल्टी यूज फर्नीचर की डिमांड भी समय के साथ बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

त्योहरी सीजन के दौरान फर्नीचर और पेंट बाजार में फिर से रंगत नजर आ रही है। दीपावली पर फर्नीचर बाजार कुछ नयापन लेकर उपभोक्ताओं को रिझा रहा है। कारोबारी कई तरह के ऑफर्स व स्कीम्स से ग्राहकों को लुभा रहे हैं। इस दौरान घरों व प्रतिष्ठानों की रंगाई पुताई के लिए विभिन्न तरह के पेंट तथा इससे संबंधित अन्य उत्पादों की बिक्री बढ़ रही है। इस दौरान फर्नीचर बाजार और पेंट कारोबार में सर्वाधिक तेजी आती है।

होम सिटी शोरूम के संचालक मनीष गुप्ता ने बताया कि अब लोग अपने घर के इंटीरियर और रूम साइज के अकॉर्डिंग फर्नीचर पर फोकस करते हैं। फोल्डिंग फर्नीचर या मल्टी यूज फर्नीचर की डिमांड भी समय के साथ बढ़ी है। कम दामों में बेहतर फैंसी फर्नीचर इन दिनों पसंद किए जा रहे हैं।

अमृत हार्डवेयर के अशोक परुथी के अनुसार दिवाली जैसे त्योहार पर ही पेंट आदि की ज्यादा बिक्री होती है। नवरात्र के बाद से ही ग्राहक बढ़ने लगे हैं। आने वाले दिनों में व्यवसाय के गति पकड़ने की संभावना है।



बहादुरगढ़। दीपावली पर बाजार में उपलब्ध अत्याधुनिक फर्नीचर। फोटो: हरिभूमि

## दिवाली पर्व को लेकर बाजारों में बढ़ी चहल-पहल

- दुकानदारों ने भी बिक्री बढ़ने की संभावना के चलते जताई खुशी, दिल्ली से मंगवाया सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

दीपोत्सव को लेकर शहर के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। इसी के चलते शहर के मेन बाजार, चौपटा बाजार, सिलानी गेट, सब्जी मंडी रोड, पुराना बस स्टैंड रोड आदि में खरीदारों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई है। बाजारों में दिनभर लगी लोगों की आवाजाही से दुकानदारों के चेहरे भी खिले हैं। दीपोत्सव की तैयारियों के चलते सीजन पर फड़ व स्टॉल लगाने वाले दुकानदारों ने दीये, मोमबत्तियां, रंग-बिरंगी लाइटें, बंदनवार, फुलझड़ी, सजावटी झालरें और दीपावली से जुड़ा अन्य सामान मंगवा लिया है। मेन बाजार में थाना परिसर के नजदीक मोमबत्ती व अन्य सामान की स्टॉल लगाने वाले राज सिंह व नरेंद्र जुनेजा ने बताया कि लोग पहले से ही दीये, लाइट और सजावटी सामान की खरीददारी कर रहे हैं। वे दिल्ली व रोहतक से सजावटी सामान मंगवा चुके हैं।



झज्जर। रंग बिरंगी लाइटों से सजी दुकान। फोटो: हरिभूमि



झज्जर। न्याय की मांग को लेकर शहर में रोष प्रदर्शन करते आमजन।

### सर्व समाज भाईचारा कमेटी ने किया प्रदर्शन आईपीएस पूरन कुमार को न्याय की मांग

**झज्जर।** आईपीएस वाई पूरन कुमार आत्महत्या मामले में न्याय की मांग को लेकर सर्व समाज भाईचारा कमेटी ने शहर में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने अंबेडकर चौक से लघु सचिवालय तक पैदल मार्च करते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। बाद में एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपा। सर्व समाज भाईचारा कमेटी के प्रतिनिधियों ने कहा कि यह मामला न केवल एक अधिकारी की आत्महत्या का है, बल्कि व्यवस्था पर सवाल उठाता है। उन्होंने मांग की कि दोषियों की जल्द गिरफ्तारी हो और पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि आरोपियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन तेज किया जाएगा।



पिस्सू अपने शरीर की लंबाई से 350 गुना तक छलांग लगा सकते हैं।



मगरमच्छ अपनी जीभ बाहर नहीं निकाल सकते।



# पोस्ट अधिकारी बनकर भी चमका सकते हैं करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

हर गांव में एक पोस्ट ऑफिस मुख्य रूप से उपलब्ध होता है। कई ऐसे छोटे गांव है, जहां पर डाकघर नहीं होगा लेकिन हर एक पंचायत में एक डाकघर अवश्य है। पोस्ट ऑफिस में अलग-अलग पदों पर पोस्ट अधिकारी काम करते हैं। पोस्ट वितरित करने वाले डाकिए से लेकर ब्रांच मैनेजर तक पोस्ट ऑफिसर अपनी-अपनी भूमिका निभाते हैं। जब हम अपने आसपास किसी भी पोस्ट ऑफिसर को देखते हैं तो हमारे मन में भी ख्याल आता है, कि पोस्ट ऑफिसर कैसे बन सकते हैं। आज के इस आर्टिकल में हम आपको पोस्ट ऑफिसर कैसे बनें। इसके बारे में डिटेल में जानकारी देने का प्रयास करेंगे।

## पोस्ट अधिकारी

भारतीय पोस्ट यानी कि इंडियन डाक डिपार्टमेंट में काम करने वाला हर एक कर्मचारी पोस्ट ऑफिसर कहलाता है। डाक वितरित करने वाले अधिकारी को भी पोस्ट ऑफिसर के नाम से कहा जाता है। हालांकि सामान्य भाषा में डाकिया भी कहते हैं। पोस्ट ऑफिसर बनने के लिए विद्यार्थी कौन-कौन से काम करके पोस्ट ऑफिसर बन सकता है। इसकी जानकारी हम आपको इस आर्टिकल के जरिए देने का पूरा प्रयास करेंगे।

### ये चाहिए जरूरी दस्तावेज

*सरकार के द्वारा रिक्त पदों के आधार पर नियमित रूप से पोस्ट ऑफिस पर पद पर अलग-अलग भर्तियों का आयोजन किया जाता है। उन भर्तियों में आप अपना आवेदन लगाकर पोस्ट ऑफिसर बन सकते हैं। पोस्ट ऑफिसर बनने के लिए जरूरी दस्तावेज नीचे कुछ इस प्रकार से दिए गए हैं:*

- आवेदक का आधार कार्ड
- पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ
- बैंक पासबुक
- मूल निवास प्रमाण पत्र
- ग्रेजुएशन का सर्टिफिकेट
- कंप्यूटर डिप्लोमा का सर्टिफिकेट

## जॉब के लिए योग्यता

**जो उम्मीदवार पोस्ट ऑफिसर बनना चाहते हैं। उन उम्मीदवारों को कई तरह की योग्यता का मुख्य रूप से ध्यान रखना होता है। पोस्ट ऑफिसर बनने के लिए जरूरी योग्यता नीचे कुछ इस प्रकार से दी गई है:**

- पोस्ट ऑफिसर बनने वाले सभी कर्मचारियों को सबसे पहले भारत की नागरिकता का मापदंड पूरा करना होगा। जो कर्मचारी भारत के नागरिक है। उनको पोस्ट ऑफिसर बनने का मौका मिलेगा।
- पोस्ट ऑफिस पद पर निकलने वाली भर्ती के लिए आवेदन करने वाले कर्मचारी की उम्र 18 वर्ष से 40 वर्ष के बीच होना अनिवार्य है।
- आवेदक मानसिक रूप से और शारीरिक रूप से पूरी तरह से स्वस्थ होना जरूरी है।
- आवेदक को कंप्यूटर का बेहतरीन नॉलेज होना चाहिए और कंप्यूटर के बेहतरीन नॉलेज के साथ-साथ एमएससीआईटी और सीसीसी कोर्स करना आवश्यक है।
- आवेदक के पास न्यूनतम ग्रेजुएशन डिग्री होना जरूरी है ग्रेजुएशन डिग्री के बाद ही आप पोस्ट ऑफिसर के लिए अपना आवेदन लगा पाएंगे।
- उम्मीदवार का किसी भी तरह से क्रिमिनल रिकॉर्ड नहीं होना चाहिए हालांकि यह पुलिस वेरीफिकेशन सर्टिफिकेट जो क्रिमिनल रिकॉर्ड ना होने का दावा करता है। यह आपके लिखित परीक्षा में पास होने के बाद पूछा जाने वाला एक दस्तावेज है।

## ये प्रोसेस अपनाएं

**पोस्ट ऑफिसर बनने का सपना देखने वाले कर्मचारियों को कई तरह से तैयारी करनी होती है। सर्वप्रथम कर्मचारियों को पहले ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल करनी होगी। ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल करने के बाद ही आप पोस्ट ऑफिसर बनने के योग्य होते हैं।**

पोस्ट ऑफिसर बनने के लिए उम्मीदवार को सबसे पहले 12वीं कक्षा पास करने के बाद किसी भी विषय वर्ग के साथ ग्रेजुएशन की डिग्री प्राप्त करनी होगी। विद्यार्थी को किसी भी विषय वर्ग के साथ ग्रेजुएशन की डिग्री अच्छे अंकों के साथ बात करनी है। क्योंकि विद्यार्थी के लिए ग्रेजुएशन की डिग्री न्यूनतम योग्यता के तौर पर पोस्ट ऑफिसर के लिए मानी जाती है। हालांकि पुराने जमाने में डाकिया बनने के लिए कोई भी ग्रेजुएशन डिग्री की जरूरत नहीं होती थी। लेकिन वर्तमान में नए मापदंड के आधार पर डाकिया बनने के लिए भी आपको ग्रेजुएशन की डिग्री के साथ ही आप आवेदन लगा सकेंगे।

**परीक्षा और इंटरव्यू :** डाक भर्ती का लिखित पेपर पास करने के पश्चात कुछ विशेष पदों के लिए इंटरव्यू का आयोजन भी किया जाता है। इंटरव्यू प्रक्रिया के बाद में फाइनल मेरिट लिस्ट की घोषणा होती है और उसके आधार पर आप को चयनित कर के दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया जाता है। पोस्ट ऑफिस तक पद पर काम करने वाले उम्मीदवार को शुरुआत में बेसिक सैलरी 20000 से लेकर 38000 तक प्रदान करवाई जाती है।

### भर्ती में आवेदन करें

जब विद्यार्थी ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल कर देता है। तो उसके पश्चात विद्यार्थी को पोस्ट ऑफिसर बनने के लिए सरकार के द्वारा नियमित रूप से रिक्त पदों के अनुसार भर्तियों का आयोजन किया जाता है। उन भर्तियों में अपना आवेदन लगा कर भर्ती की परीक्षा की तैयारी करनी चाहिए।

### भर्ती परीक्षा की तैयारी करें

जब उम्मीदवार पोस्ट ऑफिसर पद के लिए निकाली जाने वाली भर्ती में अपना आवेदन लगा देता है तो उसके पश्चात उस विद्यार्थी को परीक्षा के सिलेबस को समझते हुए और एग्जाम पैटर्न को समझते हुए बेहतरीन तैयारी करनी चाहिए। क्योंकि वर्तमान में हर पद के लिए बहुत ही ज्यादा कंपटीशन भारत में है। सरकारी नौकरी को लेकर चपरासी पद के लिए भी जबरदस्त कंपटीशन वर्तमान समय में देखने को मिलता है। ऐसे में आपको नियमित पांच से 6 घंटे तक पढ़ाई करते हुए पोस्ट ऑफिसर भर्ती परीक्षा के सिलेबस को पूरा पढ़ना चाहिए और उसके बाद पोस्ट ऑफिस परीक्षा के एग्जाम को क्लियर करना है।

---

## विद्यार्थियों को नेतृत्व कौशल की गहरी समझ प्रदान करता

# बीबीए के बाद करियर विकल्प : कॉर्पोरेट और सरकारी जगत में सुनहरे अवसर

डॉ. मोहित बंसल
करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



### तीन वर्षीय स्नातक प्रबंधन पाठ्यक्रम



बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए) तीन वर्षीय स्नातक प्रबंधन पाठ्यक्रम है, जो विद्यार्थियों को प्रबंधन विज्ञान, व्यवसाय रणनीति और नेतृत्व कौशल की गहरी समझ प्रदान करता है। इसमें प्रायः मार्केटिंग, फाइनेंस, अकाउंटिंग, ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, ऑपरेशन्स, बिजनेस इकोनॉमिक्स, बिजनेस कम्युनिकेशन, आंत्रप्रेन्योरशिप और बिजनेस लॉ जैसे विषयों का अध्ययन कराया जाता है। इन विषयों का वास्तविक जीवन में अत्यधिक महत्व है,मार्केटिंग किसी भी कंपनी की ब्रांड छवि और बिक्री बढ़ाने का प्रमुख स्तंभ है, फाइनेंस और अकाउंटिंग संस्थान की आर्थिक रीढ़ हैं, एचआर प्रबंधन संगठन की कार्यकुशलता और टीम भावना को मजबूत करता है, जबकि बिजनेस लॉ और स्ट्रैटेजिक मैनेजमेंट संस्थान को कानूनी, नैतिक और प्रतिस्पर्धात्मक दृष्टि से सक्षम बनाते हैं। इस प्रकार बीबीए न केवल छात्रों को कॉर्पोरेट जगत की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करता है, बल्कि उन्हें समस्या समाधान, निर्णय क्षमता, नेतृत्व और टीमवर्क जैसी प्रायोगिक कौशलों से भी सुसज्जित करता है। नई शिक्षा नीति (एन.ई.पी. 2020) के अनुसार अब विद्यार्थी बीबीए को तीन वर्षों में सामान्य स्नातक डिग्री के रूप में या चार वर्षों में बीबीए ऑनर्स के रूप में भी पूरा कर सकते हैं।

### विशेषज्ञता चुनी जा सकती

बीबीए/ऑनर्स में विषय-गहनता के साथ विशेषज्ञता चुनी जा सकती है। निम्नलिखित प्रमुख विशेषज्ञताएं इस प्रकार हैं।
विपणन (मार्केटिंग) वित्त लेखा
मानव संसाधन प्रबंधन । परिचालन/संचालन
व्यवसाय विश्लेषिकी (बिजनेस एनालिटिक्स)
अंतरराष्ट्रीय व्यापार, उद्यमिता, आपूर्ति श्रृंखला व लॉजिस्टिक्स, खुदरा प्रबंधन, बैंकिंग और बीमा
डिजिटल मार्केटिंग, पर्यटन व आतिथ्य प्रबंधन
इन विशेषज्ञताओं का प्रत्यक्ष उपयोग बिक्री-वृद्धि, लाभप्रदता, लागत-नियंत्रण, प्रतिभा-प्रबंधन, डेटा-व्याख्या, वैश्विक विस्तार और ग्राहक-अनुभव को बेहतर बनाने में होता है।

### इंडस्ट्री स्किल्स की भूमिका

सिर्फ डिग्री नहीं, बल्कि कार्यान्वयन-योग्य कौशल ही करियर को तीव्र गति देते हैं,यही आज के उद्योग मानक हैं। निम्नलिखित आवश्यक कौशल इस प्रकार हैं। प्रभावशाली लिखित/मौखिक संचार व प्रस्तुतीकरण, उन्नत स्प्रेडशीट/एमआईएस, मूल वित्तीय विश्लेषण, बजट/पूर्वानुमान, सीआरएम/ईआरपी जैसे व्यावसायिक उपकरणों की समझ, डेटा-आधारित सोच, व्यवसाय विश्लेषण की बुनियाद, बिक्री-वार्ता, ग्राहक-सम्बंध प्रबंधन, सेवा-उत्कृष्टता, परियोजना-प्रबंधन, समय-प्रबंधन, टीमवर्क व नेतृत्व, इंटर्नशिप/ लाइव-प्रोजेक्ट/ उद्योग-प्रमाणन, (गूगल/ मेटा/ टैली/ एक्सेल आदि)

### उच्च अध्ययन के विकल्प

**उच्च शिक्षा नेतृत्व-स्तरीय प्रगति, वैश्विक मानकों की विशेषज्ञता और करियर-गतिशीलता को गति देती है,बीबीए के बाद सही कार्यक्रम चुनना करियर-वृद्धि का गुणक सिद्ध होता है।**

निम्नलिखित प्रमुख उच्च अध्ययन विकल्प इस प्रकार हैं। एम.बी.ए. (विपणन/वित्त/मानव, संसाधन/संचालन/ व्यवसाय, विश्लेषिकी/अंतरराष्ट्रीय व्यापार/उद्यमिता) पी.जी.डी.एम. (उद्योग-उन्मुख प्रबंधन), एम.कॉम. (लेखा/वित्त में गहनता), विधि स्नातक (एल.एल.बी.) – कॉर्पोरेट/ व्यापार कानून, व्यवसाय विश्लेषिकी/डेटा विज्ञान में पी.जी. कार्यक्रम, मानव संसाधन प्रबंधन (एम.एच.आर.एम.), अंतरराष्ट्रीय व्यापार (एम.आई.बी.), हॉस्पिटैलिटी/ टूरिज़्म प्रबंधन सीए/ सीएस/ सीएमए जैसी व्यावसायिक योग्यताएं (पात्रता के अनुसार), लोक नीति/ विकास प्रबंधन/ सार्वजनिक प्रशासन में स्नातकोत्तर।

### ले सकते हैं सलाह

- बीबीए कॉर्पोरेट नेतृत्व, प्रशासनिक दक्षता और उद्यमशीलता की स्वर्ण-डोरी है,सही विशेषज्ञता, ठोस कौशल और अनुशासित निष्पादन के साथ आप उच्च-विकास निजी भूमिकाएँ, स्थिर एवं सम्मानजनक सरकारी सेवाएं और विश्वस्तरीय उच्च शिक्षा,तीनों मार्गों पर तेज़ी से आगे बढ़ सकते हैं।
- **सुझाव:** किसी भी करियर का चुनाव करने से पहले किसी योग्य करियर सलाहकार से सलाह ज़रूर लें। अधिक जानकारी के लिए आप **www.career-jaano.com**पर भी विज़िट कर सकते हैं।

### निजी क्षेत्र में विकल्प

**कॉर्पोरेट जगत उच्च-प्रभाव, परिणाम-उन्मुख और ग्राहक-केंद्रित पेशेवरों की तलाश में है,बीबीए स्नातक ठीक इसी मांग को पूरा करते हैं। वे ब्रांड-वृद्धि, राजस्व-त्वरण, लागत-दक्षता और संचालन-उत्कृष्टता के माध्यम से संस्थान को प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त दिलाते हैं।**
निम्नलिखित "विशेषज्ञता-आधारित" भूमिकाएं इस प्रकार हैं।
1) विपणन/ डिजिटल/ खुदरा विपणन कार्यकारी, ब्रांड/ कैम्पेन सहायक, डिजिटल मार्केटिंग प्रशिक्षु एसईओ/ सोशल मीडिया समन्वयक, सीआरएम कार्यकारी, माल-विक्रय योजनाकर्ता।
2) वित्त/ लेखा/ बैंकिंग-बीमा वित्तीय विश्लेषक प्रशिक्षु, लेखा सहायक, जीएसटी/कर सहायक ऋण-प्रसंस्करण/क्रेडिट समन्वयक, जोखिम-विश्लेषण सहायक, बीमा-अंडरराइटिंग सहायक
3) मानव संसाधन (एचआर) एचआर सहायक, भर्ती समन्वयक, पेरोल/कम्प्लायंस सपोर्ट प्रशिक्षण व विकास समन्वयक, कर्मचारी-संबंध कार्यकारी
4) संचालन/आपूर्ति श्रृंखला/ लॉजिस्टिक्स संचालन सहायक, गुणवत्ता आश्वासन सहायक, क्रय/ प्रोक्योरमेंट सहायक सप्लाई-चेन समन्वयक, इन्वेंट्री/ वितरण योजनाकर्ता
5) व्यवसाय विश्लेषिकी/ एमआईएस एमआईएस कार्यकारी, व्यवसाय विश्लेषण सहायक, रिपोर्टिंग/ डैशबोर्ड समन्वयक
विशेषज्ञता से स्वतंत्र "सामान्य" विकल्प (किसी भी बीबीए स्नातक हेतु) इस प्रकार हैं, ग्राहक सेवा कार्यकारी, इनसाइड-सेल्स/ एसडीआर, प्रशासनिक सहायक ई–कॉमर्स संचालन सहायक, प्रोजेक्ट समन्वयक कंटेंट/ कम्युनिकेशन समन्वयक, उद्यमिता/ स्टार्टअप समन्वयक।

**आय-सीमा (निजी क्षेत्र)**
- **फ्रेशर:** लगभग 3.0–5.5 लाख वार्षिक (स्थान/ क्षेत्र/ कंपनी पर निर्भर)
- अनुभवी (5–10 वर्ष): लगभग 8–22 लाख वार्षिक; उच्च-विकास भूमिकाओं/एमएनसी/एमबीए पश्चात 25–30 लाख+ सम्भव

### सरकारी क्षेत्र में विकल्प

सरकारी सेवाएं स्थायित्व, सामाजिक प्रतिष्ठा और दीर्घकालिक सुरक्षा का समन्वय हैं। बीबीए पृष्ठभूमि के छात्र प्रशासनिक दक्षता, वित्तीय अनुशासन और संचालन-समझ के कारण अनेक प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में सशक्त दावेदारी रखते हैं।
**निम्नलिखित प्रमुख** परीक्षाएं/ विकल्प इस प्रकार हैं,
**1) बैंकिंग व बीमा :** एसबीआई/ आईबीपीएस पीओ व क्लर्क, आरआरबी ऑफिस असिस्टेंट एलआईसी/अन्य सरकारी बीमा उपक्रम,असिस्टेंट/प्रशासनिक अधिकारी
**2) कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) :** सीजीएल के अन्तर्गत: सहायक लेखा अधिकारी, आयकर सहायक, निरीक्षक/लेखीरीक्षण सहायक सीएचएसएल/अन्य स्नातक पद: डाक/कार्यालय सहायक, डेटा प्रविष्टि इत्यादि
**3) संघ व राज्य लोक सेवा आयोग :** सिविल सेवाएं (आईएएस, आईपीएस, आईआरएस आदि), राज्य प्रशासनिक/वाणिज्यिक कर सेवाएं
**4) रेलवे/ पीएसयू/ अन्य बोर्ड:** रेलवे एनटीपीसी/कार्यालय सुपरिंटेंडेंट, सार्वजनिक उपक्रमों में प्रशासनिक/वाणिज्यिक पद एफसीआई, ईएसआईसी, ईपीएफओ जैसे संगठनों में उपयुक्त स्नातक पद
**5) रक्षा सेवाए :** सीडीएस/ एएफसीएटी के माध्यम से अधिकारी प्रशिक्षण,नेतृत्व व राष्ट्र-सेवा का गौरवपूर्ण मार्ग लेफ्टिनेंट, आर्मी एजुकेशन कोर अफसर, अकाउंट अफसर एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर लोजिस्टिक्स सप्लाई अफसर टेरीटोरियल आर्मी अफसर
**आय-सीमा (सरकारी क्षेत्र):**
**फ्रेशर:** लगभग 3.5–7.5 लाख वार्षिक (आम तौर पर पे-लेवल 5–7)
**अनुभवी/वरिष्ठ:** लगभग 9–20 लाख वार्षिक; उच्च सेवाओं/उच्च ग्रेड-पे में इससे अधिक, साथ में भत्ते/सुविधाएं

---

# स्क्रीन टाइम कम करें, मानसिक स्वास्थ्य और जीवन को समृद्ध बनाएं



मोटिवेशनल
डॉ. दिव्या तंवर

आज का युग डिजिटल क्रांति का है, लेकिन स्मार्टफोन, सोशल मीडिया और स्क्रीन की चमक में खोकर हम अपने मानसिक स्वास्थ्य, पढ़ाई और जीवन के अनमोल पलों को नजरअंदाज कर रहे हैं। खासकर छात्रों के लिए, जो अपने भविष्य की नींव रख रहे हैं, स्क्रीन टाइम को सीमित करना और समय को योग, एकाग्रता, नए कौशल, और परिवार के साथ बिताना न केवल मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि जीवन को भी समृद्ध करता है। यह लेख हिंदी में छात्रों को प्रेरित करता है कि वे स्क्रीन की लत से बाहर निकलें और अपने मानसिक स्वास्थ्य व आत्म-विकास पर ध्यान दें। अत्यधिक स्क्रीन टाइम न केवल हमारी आँखों और शारीरिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचाता है, बल्कि यह मानसिक स्वास्थ्य पर भी गहरा प्रभाव डालता है।

### तनाव, चिंता और अवसाद को बढ़ाता

सोशल मीडिया पर तुलना, साइबरबुलिंग, और लगातार ऑनलाइन बने रहने का दबाव छात्रों में तनाव, चिंता और अवसाद को बढ़ाता है। इसके साथ ही, स्क्रीन की नीली रोशनी नींद को प्रभावित करती है, जिससे एकाग्रता और उत्पादकता कम होती है। लेकिन अगर आप इस समय को नियंत्रित करें, तो आप अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

**स्क्रीन टाइम से होने वाली मानसिक स्वास्थ्य समस्याए**

**तनाव और चिंता:** परीक्षा का दबाव, सामाजिक अपेक्षाएँ, और सोशल मीडिया पर दूसरों से तुलना छात्रों में चिंता को बढ़ाती है। स्क्रीन टाइम इस तनाव को और गहरा करता है।
**अवसाद:** लगातार स्क्रीन पर समय बिताने से अकेलापन और आत्मसम्मान में कमी आती है, जो अवसाद का कारण बन सकता है।
**एकाग्रता में कमी:** लगातार नोटिफिकेशन्स और मल्टीटास्किंग के कारण पढ़ाई में ध्यान लगाना मुश्किल हो जाता है।
**नींद की कमी:** देर रात तक स्क्रीन पर समय बिताने से नींद की गुणवत्ता प्रभावित होती है, जो मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाती है।
**साइबरबुलिंग:** ऑनलाइन ट्रोलिंग और नकारात्मक कमेंट्स आत्मविश्वास को कम करते हैं और भावनात्मक तनाव को बढ़ाते हैं।

**स्क्रीन टाइम कम करने के फायदे**

स्क्रीन टाइम को सीमित करके आप अपने मानसिक स्वास्थ्य और जीवन को कई तरह से बेहतर बना सकते हैं।
**बेहतर एकाग्रता:** स्क्रीन से दूरी बनाकर आप पढ़ाई और अन्य कार्यों में अधिक ध्यान दे पाएंगे।
**मानसिक शांति:** योग और ध्यान तनाव को कम करते हैं और दिमाग को शांत रखते हैं।
**स्वस्थ जीवनशैली:** स्क्रीन टाइम की जगह योग, व्यायाम, और प्रकृति के साथ समय बिताने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है।
**नए कौशल का विकास:** खाली समय में आप कोई नया कौशल जैसे कोडिंग, लेखन, या कोई वाद्य यंत्र सीख सकते हैं।
**मजबूत रिश्ते:** परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताने से भावनात्मक समर्थन मिलता है, जो मानसिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है।

### जीवन को बेहतर बनाने के उपाय

**समय सीमा तय करें:** रोज़ाना स्क्रीन टाइम को 1-2 घंटे तक सीमित करें। फोन पर टाइमर या ऐपलिमिटर का उपयोग करें।
**स्क्रीन-फ्री ज़ोन:** पढ़ाई का स्थान और बेडरूम को स्क्रीन-फ्री रखें। सोने से पहले फोन का उपयोग बंद करें।
**योग और ध्यान अपनाएं :** सुबह 10-15 मिनट सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, या मेडिटेशन करें। यह तनाव कम करता है और एकाग्रता बढ़ाता है।
**नए कौशल सीखें:** अपने समय को रचनात्मक कार्यों में लगाएं, जैसे कोई भाषा सीखना, पेंटिंग, या डिजिटलस्किल्स। यह आत्मविश्वास बढ़ाता है और भविष्य के लिए उपयोगी है।
**परिवार के साथ समय:** परिवार के साथ भोजन करें, बातचीत करें, या कोई खेल खेलें। यह अकेलेपन को कम करता है और रिश्तों को मजबूत करता है।
**प्रकृति के करीब जाएं:** पार्क में टहलें, पेड़-पौधों के बीच समय बिताएँ। यह मानसिक तनाव को कम करता है।
**परामर्श लें:** अगर तनाव या अवसाद लगे, तो किसी विश्वसनीय व्यक्ति या मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ से बात करें।
**छोटे कदम, बड़े बदलाव :** स्क्रीन टाइम कम करना शुरू में मुश्किल लग सकता है, लेकिन छोटे कदमों से आप इसे आसानी से हासिल कर सकते हैं। हर दिन एक घंटा कम स्क्रीन टाइम का मतलब है हर हफ्ते 7 घंटे आपके पास योग, पढ़ाई, परिवार, या नए कौशल के लिए। यह समय आपके मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाएगा और आपके सपनों को हकीकत में बदलने में मदद करेगा। छात्र जीवन आपके भविष्य का आधार है। स्क्रीन की चमक में खोने के बजाय, अपने समय को योग, एकाग्रता, नए कौशल, और परिवार के साथ बिताएँ। यह न केवल आपके मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत करेगा, बल्कि आपको एक संतुलित, सुखी, और सफल जीवन की ओर ले जाएगा। आज से ही शुरुआत करें अपने फोन को एक तरफ रखें, गहरी सांस लें, और अपने सपनों की ओर कदम बढ़ाएं। आपका दिमाग और आपका समय आपकी सबसे बड़ी ताकत हैं, इनका सही उपयोग करें।

## सामान्य ज्ञान

**1.** ब्रजभाषा' है -
(ए) पूर्वी हिन्दी
(बी) पश्चिमी हिन्दी
(सी) बिहारी हिन्दी
(डी) पहाड़ी हिन्दी

**2.** मगही' किस भाषा की बोली है ?
(ए) राजस्थानी
(बी) पश्चिमी हिन्दी
(सी) पूर्वी हिन्दी
(डी) बिहारी

**3.** हिन्दी खड़ी बोली किस अपभ्रंश से विकसित हुई है ?
(ए) मागधी
(बी) अर्धमागधी
(सी) शौरसेनी
(डी) ब्राचड़

**4.** भाषा के आधार पर राज्यों की पुनः संरचना की गयी थी ?
(ए) 1952 ई. में
(बी) 1953 ई. में
(सी) 1954 ई. में
(डी) 1956 ई. में

**5.** भाषाई आधार पर सर्वप्रथम किस राज्य का गठन हुआ?
(ए) पंजाब
(बी) जमू-कश्मीर
(सी) रजस्थान
(डी) आंध्र-प्रदेश

**6.** बघेली बोली का संबंध किस उपभाषा से है ?
(ए) राजस्थानी
(बी) पूर्वी हिन्दी
(सी) बिहारी
(डी) पश्चिमी हिन्दी

**7.** किस तिथि को हिन्दी को राजभाषा बनाने का निर्णय लिया गया ?
(ए) 15 अगस्त, 1947 ई.
(बी) 26 जनवरी, 1950 ई..
(सी) 14 सितम्बर, 1949 ई..
(डी) 14 सितम्बर, 1950 ई.

**8.** वर्ष 1955 ई. में गठित प्रथम राजभाषा आयोग के अध्यक्ष थे -
(ए) बी. जी. खेर
(बी) सुनीति कुमार चटर्जी
(सी) जी. बी. पन्त
(डी) पी. सुव्योरोयान

उत्तर 1.(बी) 2.(डी) 3.(सी) 4.(डी) 5.(डी) 6.(बी) 7.(सी) 8.(ए)

## खबर संक्षेप



झज्जर। पराली न जलाने की शपथ दिलाते हुए एसडीएम रेणुका नांदल।

### पराली नहीं जलाने की दिलाई शपथ

**झज्जर।** मंगलवार को एसडीएम रेणुका नांदल की अध्यक्षता में फसल अवशेष प्रबंधन एवं निगरानी के लिए गठित उपमंडल स्तरीय कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। एसडीएम ने कहा कि क्षेत्र में धान की कटाई की शुरुआत हो चुकी है। किसानों को धान की कटाई उपरांत खेत में पराली को जलाने की बजाय कृषि विभाग द्वारा सुझाए गए यंत्रों का प्रयोग कर खेत में ही मिलाना चाहिए ताकि खेत की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के साथ-साथ फसल अवशेष जलने के दुष्प्रभावों से भी बचाया जा सके। उन्होंने इस दौरान पराली ना जलाने बारे शपथ भी दिलाई।

## विचार गोष्ठी में सफाई कर्मचारियों की मांगों और समस्याओं पर की चर्चा

# ठेका प्रणाली के विरोध में गरजे सफाई कर्मचारी

**दलित उत्पीड़न के खिलाफ लघु सचिवालय तक प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

ऑल सफाई कामगार संघर्ष समिति द्वारा मंगलवार को अंबेडकर भवन में महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की संयुक्त अध्यक्षता ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के सुनील कुमार व नगर पालिका कर्मचारी संघ के जिला प्रधान राजेंद्र तुशामड ने की, जबकि संचालन ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के जिला सचिव संदीप कुमार व झज्जर इकाई के प्रधान शिवम ने किया।




झज्जर। विचार गोष्ठी में अपनी बात रखते हुए वक्ता। फोटो :हरिभूमि

**महर्षि वाल्मीकि जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला**

इकाई प्रधान राजेश बहादुरगढ़, सचिव अमित, जिला ऑडिटर संदीप, वरिष्ठ उप प्रधान लीला राम, उपप्रधान अजय, सहसचिव सुनील, इकाई सचिव झज्जर विकास, कमलेश बबली, मनीषा, वाल्मीकि समाज प्रधान अभिषेक उर्फ गोलू, सचिव मोहन, ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के राज्य महासचिव विनोद कुमार, नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के संगठन सचिव बसंत व राज्य संगठनकर्ता राजपाल बहादुरगढ़ ने कर्मचारियों को संबोधित किया। वक्ताओं ने महर्षि वाल्मीकि जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने समाज को समानता, श्रम की गरिमा और न्याय का संदेश दिया। सफाई कर्मचारी वर्ग आज भी उन्हीं मूल्यों पर चलते हुए समाज की सेवा में निरंतर समर्पित है।

**समस्याओं पर चर्चा की**

इस दौरान सफाई कर्मचारियों की प्रमुख मांगों और समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। कर्मचारियों ने सरकार से नियमितीकरण, ठेका प्रणाली का उन्मूलन, समान वेतन, सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता और स्थायी नियुक्ति जैसी बुनियादी मांगों को पूरा करने की अपील की। विचार गोष्ठी में यह सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी कर्मचारी आगामी नौ नवंबर को कुरुक्षेत्र में होने वाली महापुकार रैली में बड़ी संख्या में भाग लेंगे। गोष्ठी के उपरांत सफाई कर्मचारी संगठनों व अन्य सामाजिक संगठनों ने मिलकर दलित उत्पीड़न के खिलाफ रोष प्रदर्शन करते हुए लघु सचिवालय तक मार्च निकाला और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपते हुए आईपीएस पूरन कुमार को आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने वाले दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की।

## हरियाणा गौरव पुरस्कार परीक्षा में एलए स्कूल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित परीक्षा के उत्तीर्ण विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

**झज्जर।** एलए सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय शिक्षा समिति टोहाना द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में मेरिट में स्थान बनाया है। संस्था प्रबंधक केएम डागर ने बताया कि अगस्त माह में हुई हरियाणा गौरव पुरस्कार परीक्षा में उनके संस्थान के विद्यार्थी तुशान, जीनियस, कामना, मानित, प्रतीक, दिव्यांशी, अमरजीत व आयुष ने गोल्ड मेडल हासिल किया। इसके अलावा कशिश, मोहिनी, कनिका, रूद्र, आशीष, निशांत, आराध्या, सक्षम, आदित्य, कनिष्का, मनुश्री, कनिश, लक्षिता, यश, भावुक, सीरत, अभी, रिया, मौलिक, वरुण, हर्षिल, कियांश, वैदिक, मनस्वी, पियूष, भावी, संगम व उर्वशी को प्रतिभागी प्रमाण पत्र मिला। उत्तीर्ण विद्यार्थियों व उनकी तैयारी करने वाली अध्यापिका पूनम गुलिया, सुदेश व प्रीति शर्मा को स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनीता गुलिया, नीलम दहिया द्वारा प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत, पुष्पा यादव, सपना अहलावत, जितेंद्र, मुकेश शर्मा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

*डीएवी में पंच कुंडीय यज्ञ का हुआ आयोजन*

## आर्य प्रादेशिक उपसभा के तत्वावधान में मनाया जा रहा वैदिक पुण्यमास

- आर्य समाज की शिक्षाओं को छात्रों तक पहुंचाना है मकसद
- आर्य समाज के पदाधिकारियों को सम्मान स्वरूप तुलसी के पौधे भी भेंट किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

डीएवी शिक्षण संस्थान एवं आर्य प्रादेशिक सभा हरियाणा के तत्वावधान में जारी वैदिक पुण्य मास के अंतर्गत मंगलवार को डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में पांच कुंडीय वैदिक यज्ञ का आयोजन किया गया। आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती तथा आर्य समाज की शिक्षाओं को याद करने, उनके समर्पण से सीख लेने तथा उनके त्याग के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने के लिए समय-समय पर ऐसी गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। मंगलवार को आयोजित यज्ञ में आर्य समाज झज्जर के ब्रह्मचारी इंद्रजीत के ब्रह्मत्व में स्कूल प्रबंधन के सदस्यों, आर्य समाज झज्जर के प्रबुद्धजनों तथा विद्यार्थियों ने आहुति डाली।



झज्जर। यज्ञ में आहुति डालते हुए विद्यार्थी एवं स्कूल स्टॉफ सदस्य। फोटो :हरिभूमि

**यज्ञ व हवन का वैज्ञानिक दृष्टिकोण से महत्व**

प्राचार्य पंकज वालिया ने कहा कि यज्ञ व हवन का वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी बहुत महत्व है। यह वातावरण को स्वच्छ कर हमारे शरीर के कई रोगों का निवारण करने में भी सहायक हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां भावी पीढ़ी को हमारी संस्कृति का ज्ञान देती हैं तथा अपनी सांस्कृतिक धरोहर से जोड़े रखती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे यज्ञ की महता को समझते हुए इसे दैनिक दिनचर्या का अंग बनाने का प्रयास करें। कार्यक्रम के दौरान आर्य समाज के पदाधिकारियों को सम्मान स्वरूप तुलसी के पौधे भी भेंट किए गए। इस अवसर पर आर्य समाज के महामंत्री लाला प्रकाशवीर आर्य, रिटायर्ड बीईओ वीके नरूला, ओम प्रकाश अहलावत, लेखा प्रबंधक संजय तिवारी मनिता अहलावत सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## मातनहेल-कोसली मार्ग का निर्माण कार्य शुरू



झज्जर। सड़क निर्माण कार्य के शुभारंभ पर ग्रामीणों के साथ उपस्थित कप्तान बिरधाना।

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव मातनहेल से कोसली जाने वाले मार्ग के निर्माण कार्य की मंगलवार से शुरुआत की गई। जिला परिषद के चेयरमैन कप्तान बिरधाना ने नारियल फोड़कर सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास की जीवनरेखा होती हैं। मातनहेल से कोसली को जोड़ने वाली यह सड़क न केवल आम जनता की सुविधा बढ़ाएगी, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करेगी। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएगा ताकि यह लंबे समय तक टिकाऊ और उपयोगी सिद्ध हो। सरकार की प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास की है। बेहतर सड़क संपर्क से शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार के क्षेत्र में भी नई संभावनाएं खुलेंगी। उन्होंने कहा कि यह सड़क निर्माण कार्य लंबे समय से क्षेत्रवासियों की मांग थी, जो अब पूरी हो रही है। निर्माण कार्य शुरू होने पर ग्रामवासियों ने जिला प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि यह सड़क बनने के बाद मातनहेल, कोसली तथा निकटवर्ती गांवों को यातायात की दृष्टि से बड़ी राहत मिलेगी। इस मौके पर दया किशन जांगड़ा, राजपाल, सतेंद्र जाखड़, सुरेंद्र शर्मा, भीम सिंह, भोलू जांगड़ा, ऋषि जाखड़ सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

**क्षेत्र के विकास की जीवन रेखा होती हैं सड़कें : कप्तान बिरधाना**

## श्रद्धालुओं को दी पंच महायज्ञ की जानकारी यज्ञोपवीत धारण करने के लिए किया प्रेरित

*» खातीवास के दादा सिराज वाले मंदिर में यज्ञ-भजन-प्रवचन एवं अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव खातीवास स्थित दादा सिराज वाला मंदिर में मंगलवार को यज्ञ-भजन-प्रवचन एवं अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित प्राचीन गुरुकुल के अधिष्ठाता आचार्य विजयपाल योगार्थी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को पंच महायज्ञ के संबंध में जानकारी देते हुए लोगों को यज्ञोपवीत धारण करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने गांव के जसवंत सिंह के पुत्र इंजीनियर दीपक की नियुक्ति अमेरिका की कंपनी में होने पर बधाई दी। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के पूर्व कुलपति डॉक्टर जयप्रकाश यादव अपने संबोधन में बताया कि यज्ञ- थेरेपी से अनेक रोगों का उपचार भी हो रहा है।



झज्जर। हवन कार्यक्रम में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए आचार्य विजयपाल योगार्थी।

**भजनों की प्रस्तुति से आर्य समाज की महिमा से अवगत करवाया**

इस दौरान ब्रह्मचारी इंद्रजीत व सेवानिवृत्त फ्लाइंग ऑफिसर महाबीर सिंह ने मधुर भजनों की प्रस्तुति से आर्य समाज की महिमा से अवगत कराया। दादा सिराज कमेटी के प्रधान रामेश्वर ने बताया कि कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों को वैदिक पुस्तकें देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान भंडारे का आयोजन भी हुआ जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर ग्राम सरपंच रमेश कुमार, मास्टर लक्ष्मीदत्त, उमराव, मास्टर धर्मपाल, मास्टर राजपाल, ओमप्रकाश, रामपाल, जिले सिंह आर्य, मास्टर राजकुमार, मास्टर ब्रह्मप्रकाश, राजेंद्र कुमार, महेंद्र, सूरज प्रकाश, संदीप यादव, अजीत सिंह, अध्यापिका सुशीला, सरोज, रतनी देवी, सुषमा, सुमेधा और अनीता देवी सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## मटकी सजावट में ऋग्वेद व अथर्ववेद सदन के विद्यार्थी रहे प्रथम



झज्जर। महर्षि दयानंद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खुड़न में शिक्षकों के साथ प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी।

**झज्जर।** महर्षि दयानंद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खुड़न में दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में पॉट एवं मटकी सजावट प्रतियोगिता का का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी कला, नवाचार और रंग संयोजन के माध्यम से आकर्षक सजावट की। प्रतियोगिता का मूल्यांकन अलका रानी एवं सीमा द्वारा किया गया। दो वर्गों में आयोजित इस प्रतियोगिता में नौवीं से बारहवीं कक्षा तक के वर्ग में ऋगवेद सदन की विशाखा, खुशी, ईशा, रंजन को पहला, सामवेद सदन की दक्षा, भावना व पायल को द्वितीय तथा यजुर्वेद सदन की नेहा, अनेक्षा, सीना और अथर्ववेद सदन की वर्षा, अंतिम व शिवानी को संयुक्त रूप से तीसरा स्थान मिला। छठी से आठवीं कक्षा तक के वर्ग में अथर्ववेद सदन से शिक्षा, प्रीति व प्रिया को प्रथम, यजुर्वेद सदन से सोनाक्षी, निशिका व भावना को द्वितीय, यजुर्वेद सदन से हर्ष, प्रिंस, शुभम और सामवेद सदन से कार्तिक, मोहित व मुकुल को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान मिला। विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्य रमेश डिरोलिया, अकादमिक इंचार्ज डॉक्टर राजबीर सहवाग, प्राचार्य रामनिवास गहलावत व सुरेंद्र कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों ने अपनी कला के माध्यम से दीपावली के वास्तविक अर्थ अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने का संदेश दिया है।

## बेजुबानों का जीवन निगल रहीं बिजली तारें

- मांडोठी बाजार में पिछले महीनों में कई बंदरों की जान जा चुकी मंगलवार को भी हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

हाइटेंशन लाइन व खंभों पर बिजली की अस्त व्यस्त तारें बेजुबान पशु और पक्षियों का जीवन निगल रही हैं। शहर के मांडोठी बाजार में भी इस वजह से आए दिन हादसे हो रहे हैं। मंगलवार सुबह भी यहां करंट लगने के बाद एक बंदर का बच्चा करीब 20 फुट ऊंचाई से नीचे आ गिरा, जिससे उसकी मौत हो गई। मांडोठी बाजार में पिछले कुछ महीनों में कई बंदरों की जान जा चुकी है। दरअसल, यहां पर खंभों पर तार अव्यवस्थित हैं। इसके अलावा यहां से हाइटेंशन लाइन गुजर रही है। दोनों तरफ लगे पोल पर एंगल फिट कर हाइटेंशन लाइन लटकाई गई है। अक्सर बंदर एक से दूसरी तरफ जाने के लिए इन एंगल पर चढ़ जाते हैं और हाइटेंशन लाइन की चपेट में आकर जान गंवा बैठते हैं। स्थानीय निवासी मोहित ने बताया कि बीते कुछ महीनों में यहां कई हादसे हुए हैं। कई बंदरों की जान जा चुकी है और कई अपंग हो चुके हैं। परिंदें भी शिकार होते रहे हैं। यहां खंभों पर लगी तारों को दुरुस्त करने की जरूरत है। साथ ही, एंगल के दोनों तरफ हाइटेंशन को कवर किया जाए ताकि हादसे की आशंका कम हो।

बिजली निगम के अधिकारियों को इस तरफ ध्यान देना चाहिए ताकि किसी मूक प्राणी की जान न जाए।





बहादुरगढ़। करंट के बाद मरा पड़ा बंदर का बच्चा, एंगल पर लटकी हाइटेंशन लाइन और खंभों पर अस्त व्यस्त तारें। फोटो :हरिभूमि

## यातायात नियमों पर प्रथम चरण की प्रश्नोत्तरी स्पर्धाएं होंगी

**बहादुरगढ़।** यातायात नियमों के प्रति जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिले के सभी शिक्षण संस्थानों में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। एसीपी दिनेश कुमार ने बताया कि ये प्रतियोगिताएं बच्चों में सड़क सुरक्षा की समझ और भावी चालकों के ड्राइविंग कौशल को बढ़ाने के लिए आयोजित की जा रही हैं। यदि बच्चे बचपन से यातायात नियमों का पालन करना सीखते हैं तो यह आदत उनमें जीवन भर बनी रहती है। बच्चे अपने माता-पिता और रिश्तेदारों को भी नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं, जिससे जागरुकता घर-परिवार स्तर तक फैलती है। एसीपी ने यह भी बताया कि ड्राइविंग की समझ के अभाव और नियमों की अवहेलना से सड़क हादसों की आशंका बढ़ जाती है। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन बच्चों और सभी नागरिकों के लिए आवश्यक है। प्रशासन ने सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए ठोस कदम उठाए हैं और इस प्रश्नोत्तरी को जागरुकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। कक्षा तीसरी से पांचवीं, छठी के कक्षा आठवीं, नौवीं से बारहवीं तथा आईटीआई व कॉलेज स्तर पर भी प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। खंड स्तरीय प्रतियोगिताओं में अव्वल रहने वाले विद्यार्थी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जिला स्तर के विजेता राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का हिस्सा बनेंगे।



एसीपी दिनेश कुमार

### सहादत नगर में विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

**कोसली।** सहादत नगर गांव में एक विवाहिता ने सोमवार को अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। नाहड़ पुलिस मौके पर पहुंची तथा परिजनो को साथ लेकर शव को कोसली अस्पताल पहुंचाया। मृतका के बचीनी गांव निवासी भाई सुनील कुमार ने पुलिस को दिए ब्यान में बताया कि उनकी बहन सुनीता देवी की शादी 18 वर्ष पूर्व सुनील कुमार निवासी गांव सादतनगर से हुई थी। सोमवार को उन्हें सूचना मिली कि उनकी बहन की मृत्यु फांसी लगाने के कारण हो गई है। वह गांव के व्यक्तियों के साथ बहन सुनीता की सुसराल पहुंचे तो उसकी की लाश फर्श पर रखी हुई थी। विवाहित की चचेरी बहन अनिता ने बताया कि सुनीता ने कमरे मे फांसी लगा ली है। मृतक के भाई ने पुलिस से अपनी बहन के मोबाइल की काल डिटेल निकलवाकर मृत्यु के कारणों का पता लगाने की मांग की है। पुलिस ने फिलहाल सामान्य कार्रवाई करके मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

**सूचना**

मैं, कलीराम पुत्र नंदाराम, निवासी गांव न्योला, तहसील व जिला झज्जर बयान करता हूं कि मेरा पुत्र रवि डागर व उसकी पत्नी दीपिका मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिए मैं उन्हें अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इन दोनों के साथ किसी भी प्रकार का लेन-देन व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। इसमें मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़।**
**नोटिस आम जनता**

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि श्रीमति कौशल (पत्नी) श्री ललित (पुत्र) पुत्र/पत्नी स्वः श्री श्याम लाल निवासी किला मोहल्ला बहादुरगढ़ 12/51 वार्ड नं 25 द्वारा Online NDC Portal पर Property ID No 3BYTEA14 वार्ड नं 25 कॉलोनी किला मोहल्ला जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ में नाम का कॉलम रिक्त है में नाम दर्ज व वर्ग गज 180 से 180 वर्ग गज करवाने हेतु Online Application No. 0187141573 द्वारा अप्लाई किया है। अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति न० 3BYTEA14 वार्ड नं 25 कॉलोनी किला मोहल्ला पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त सम्पति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सबूतो सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करें। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह सम्पत्ति न० 3BYTEA14 180 वर्ग गज प्रार्थी श्रीमति कौशल (पत्नी) श्री ललित (पुत्र) पुत्र/पत्नी स्वः श्री श्याम लाल के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जायेगी जिसमे नगर परिषद बहादुरगढ़ कि कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद बहादुरगढ़।

## एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में अंतर सदनीय प्रतियोगिता का आयोजन

# हिंदी प्रश्नोत्तरी में कलाम सदन की टीम रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में मंगलवार को अंतरसदनीय हिंदी प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। दूसरी से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के बीच हुई इस प्रतियोगिता की अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्य सतबीर सिंह ने की। प्रतियोगिता में प्राइमरी प्रमुख नीलम कुमारी व एक्टिविटी इंचार्ज कमलेश ढिल्लों ने निर्णायक की भूमिका निभाई, जबकि मंच संचालन हिंदी अध्यापिका हीरामणि और सोनिका द्वारा किया गया। प्रतियोगिता परिणामों में कलाम सदन टीम से हर्षिका, रचित, तरुण व रिया ने 66 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलाव रमन सदन की टीम में शामिल श्यामा, नितेश, दिवांश व नितिक को 63 अंकों के साथ द्वितीय, अटल सदन की टीम के योगेश, दीप, मायरा व अनुष्का को 58 अंकों के साथ तृतीय स्थान मिला जबकि पटेल सदन की टीम को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया। एचडी ग्रुप सचिव हेमंत गुलिया ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए बताया कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से बच्चों में जहां प्रतिस्पर्धा की भावना प्रबल होती है वहीं उनके शब्दकोश और ज्ञानकोष में भी वृद्धि होती है। एचडी ग्रुप के डायरेक्टर रमेश गुलिया व सचिव विशाल नेहरा ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित हिंदी प्रश्नोत्तरी के विजेता विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

## राज्य स्तरीय रिदमिक जिम्नास्टिक में रिशु जैसमिन और हंसिका रही द्वितीय

*झज्जर। 58वीं हरियाणा राज्यस्तरीय विद्यालय की खेल प्रतियोगिता में न्यूटन स्कूल की तीन छात्राओं रिशु, जैसमिन, हंसिका ने रिदमिक जिम्नास्टिक अंडर-19 में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय परिसर में पहुंचने पर छात्राओं का जोरदार स्वागत किया गया। विद्यालय निदेशक बालेश कादियान, मनोज भारद्वाज, अश्वनी खासा, प्रबंधक रोहताश सिंह, मुख्याध्यापिका उर्मिल बेनीवाल ने होनहार छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।*




झज्जर। होनहार छात्राओं को सम्मानित करते हुए स्कूल स्टॉफ सदस्य। फोटो :हरिभूमि

**खबर संक्षेप**

## अब नेशनल स्पर्धा में खेलेगा अंकित तहलान

**बहादुरगढ़।** अभिनव शूटिंग अकेडमी बहादुरगढ़ के खिलाड़ी अंकित तहलान ने 34वीं ऑल इंडिया जीवी मालवंकर शूटिंग चैंपियनशिप के राइफल इवेंट में जीत हासिल करते हुए नेशनल के लिए क्वालीफाई किया है। उसकी जीत के साथ ही गांव और परिवार में खुशी का माहौल है। दुल्हेड़ा के सीएसएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र अंकित तहलान ने मध्यप्रदेश के भोपाल में आयोजित हुई प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। अंकित के पिता प्रदीप तहलान ने बताया कि वह पिछले 8 महीने से अभ्यास कर रहा था। उन्होंने उम्मीद जताई कि नवंबर या दिसंबर में होने वाली नेशनल स्पर्धा में अंकित प्रदर्शन दोहराएगा।


अंकित तहलान

## कृषि विभाग आज मनाएगा कपास दिवस

**बहादुरगढ़।** कृषि विभाग द्वारा किसानों को कपास फसल से जुड़ी नवीन तकनीक और लाभकारी जानकारी देने के उद्देश्य से बुधवार 15 अक्टूबर को कपास दिवस मनाया जाएगा। उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. सुनील कौशिक के अनुसार पुराना कोर्ट परिसर स्थित विभाग के कार्यालय में होने वाले कार्यक्रम में कृषि विशेषज्ञ कपास उत्पादन बढ़ाने, कीट नियंत्रण और फसल संरक्षण पर जानकारी देंगे।

## सिलोठी से युवक लापता, मामला दर्ज




**बहादुरगढ़।** गांव सिलोठी से एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। लापता युवक की पहचान करीब 32 वर्षीय मनीष के रूप में हुई है। दिल्ली मूल का मनीष यहां कई वर्ष से रह रहा था। गत सात अक्टूबर को घर से निकला था लेकिन वापस नहीं आया। परिजनों के बयान पर सदर थाना पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### जलभराव की निकासी न होने की वजह से 127 किस्म के पेड़-पौधे नष्ट, पर्यावरण प्रेमी आहत

# चरक पार्क की बर्बादी पर प्रशासन की खामोशी

### क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट ने जन सहयोग से विकसित किया था औषधीय पार्क

**जिलाधिकारियों की तरफ से अधिकारियों को समाधान के आदेश भी दिए गए लेकिन स्थानीय स्तर पर अधिकारी रुचि नहीं ले रहे : रमेश राठी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

बरसात व जल निकासी की बदहाल व्यवस्था के कारण बर्बाद हो रहे चरक औषधीय पार्क पर प्रशासन का ध्यान जा चुका है, लेकिन समाधान की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया जा रहा। मामले में अधिकारी दौरा करते हैं और खानापूर्ति भरा आश्वासन देकर चले जाते हैं। इस वजह से पर्यावरण प्रेमी आहत हैं। मंगलवार को पर्यावरण प्रेमियों व स्थानीय लोगों ने मौके पर इकट्ठे होकर प्रशासनिक उदासीनता के प्रति नाराजगी जताई।

दरअसल, क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट ने जन सहयोग से झज्जर रोड पर सेक्टर-13 की ग्रीन बेल्ट में चरक औषधीय पार्क विकसित किया था। पिछले करीब छह-सात साल से पर्यावरण प्रेमी यहां नियमित श्रम करते हैं। इस पार्क में 127 प्रकार के औषधीय पेड़ व पौधे लगाए जिनका काफी लोगों को लाभ मिल रहा था। बीते दिनों हुई बरसात व साथ से गुजर रहे बदहाल नाले के कारण इस पार्क में जलभराव हो गया। कई दिन बीत जाने के बाद भी पानी नहीं निकलने के कारण यहां हजारों पेड़ पौधों को नुकसान पहुंचा है।


सेक्टर-13 में बनाए गए चरक पार्क में भरा पानी


पानी में खड़े पर्यावरण प्रेमी व रमेश राठी

### पानी निकालने की व्यवस्था पर ध्यान दें अधिकारी

ट्रस्ट के प्रदीप रेढू ने कहा कि इस पौधशाला से हर साल 20 से 25 हजार पौधे इलाके के विभिन्न हिस्सों में लगाए जा रहे थे। जलभराव के कारण यहां मौजूद 127 किस्म में से अधिकांश पौधे नष्ट हो गए। इसके अलावा वे पांच हजार नन्हे पौधे भी बर्बादी की कगार पर आ गए, जिन्हें हाल ही में शहर में रोपा जाना था। आरडब्ल्यूए सेक्टर-13 के प्रधान राजबीर दलाल ने कहा कि प्रशासनिक लापरवाही के कारण इस औषीधीय पार्क की शमशान जैसी हालत हो गई है। झज्जर रोड से गुजर रहा नाला यहां ग्रीन बेल्ट में टूटा हुआ है। इस वजह से हुई हजारों पौधों की बर्बादी के कारण पर्यावरण प्रेमियों का मनोबल टूट गया है। अधिकारी केवल आश्वासन दे रहे हैं, काम नहीं करते। वहीं, चेयरपर्सन प्रतिनिधि रमेश राठी ने कहा कि मामला जिला अधिकारियों के संज्ञान में है। जिलाधिकारियों की तरफ से समाधान के आदेश भी दिए गए लेकिन स्थानीय स्तर पर अधिकारी रुचि नहीं ले रहे। अधिकारियों को इस तरफ ध्यान देकर पार्क से पानी निकालने की व्यवस्था करनी चाहिए ताकि कुछ पौधे तो बच जाएं।

### एसडीएम को ज्ञापन देकर सेक्टर 13 की समस्याओं के समाधान की मांग

**बहादुरगढ़।** शहर के सेक्टर-13 में समस्याओं का अंबार है। स्थानीय निवासी गंदगी, जलभराव और सीवरेज सहित अन्य समस्याओं से जूझ रहे हैं। सेक्टर-13 रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम नसीब कुमार को ज्ञापन देकर समस्याओं के समाधान की मांग उठाई है। हालातों का जायजा लेने के लिए उनसे सेक्टर का दौरा करने की भी गुहार लगाई है। प्रधान राजबीर दलाल का कहना है कि सेक्टर-13 में समस्याओं का अंबार है। आज तक भी सीवर लाइन चालू नहीं हो पाई है। टेंडर का एक साल पूरा होने के बाद भी सड़कों का 50 प्रतिशत काम पूरा नहीं हुआ है। जो सड़कें बनी हैं, उनमें खामियां हैं। जिनकी गुणवत्ता की जांच होनी चाहिए। दो साल से सफाई का टेंडर नहीं लगा है, गंदगी के कारण बुरा हाल है। ग्रीन बेल्ट में नया गांव की ओर से गंदा पानी छोड़ा जा रहा है, जिस कारण करीब 100 बड़े पेड़ नष्ट हो गए हैं। पानी ऐसे ही भरा रहा तो और पेड़ बर्बाद हो जाएंगे। उन्होंने मांग की कि सेक्टर में पार्क बनाए जाएं। साथ ही यहां शॉपिंग कांप्लेक्स भी बनाया जाए।


झज्जर। कार्यक्रम के दौरान अपनी प्रस्तुति देतीं छात्राएं।

## शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भी भाग लें विद्यार्थी : उपायुक्त रविंद्र

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव खेड़ी खुम्मार स्थित राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने दीप प्रज्ज्वलन कर दो दिवसीय जिलास्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव का शुभारंभ किया। इस दौरान अपने संबोधन में डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियां शिक्षा का अभिन्न अंग हैं और विद्यार्थियों को इस प्रकार के कार्यक्रम में जरूर भाग लेना चाहिए। महोत्सव के पहले दिन जिले के सभी खंडों से आई टीमों ने समूह नृत्य, एकल लोक नृत्य, रागनी और लघु नाटिका जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

# चार दिवसीय बाल महोत्सव का आगाज विद्यार्थियों ने प्रतिभा का किया प्रदर्शन

- डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

स्थानीय बाल भवन, संवाद भवन एवं सवेरा स्कूल परिसरों में जिला बाल कल्याण परिषद के तत्वावधान में चार दिवसीय बाल महोत्सव का मंगलवार को डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। इस दौरान अपने संबोधन में कहा कि जिला बाल कल्याण परिषद बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अभिभावकों से आह्वान किया कि वे सरकार एवं संस्था द्वारा चलाई जा रही योजनाओं और गतिविधियों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। उन्होंने बच्चों को विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लेने और जिले को राज्य स्तर पर प्रथम स्थान पर लाने के लिए प्रेरित किया। वहीं जिला बाल कल्याण अधिकारी नरेंद्र मलिक ने बताया कि जिले के लगभग 50 विद्यालयों के 550 से अधिक बच्चे भाग ले रहे हैं।


झज्जर। होनहार प्रतिभागियों के साथ डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।


बहादुरगढ़। आयोजकों से मेडल व ट्रॉफी प्राप्त करते निशांत जून।

## बॉडी बिल्डिंग में निशांत ने जीते दो स्वर्ण पदक

**बहादुरगढ़।** गांव नूना माजरा निवासी निशांत जून ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए एनपीसी दिल्ली रीजनल बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में दो गोल्ड मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रिसालदार जयलाल साहब के पड़पोत्र निशांत की जीत से ग्रामीण भी खुश हैं। निशांत जून ने क्लासिक फिजीक कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीतने के साथ ही ओवरऑल क्लासिक फिजिक विजेता का खिताब भी अपने नाम किया। निशांत के पिता वीरेंद्र सिंह जून ने बताया कि उसकी इस उपलब्धि से परिवार, गांव और पूरे बहादुरगढ़ क्षेत्र में खुशी की लहर है। उन्होंने कहा कि निशांत की मेहनत और समर्पण ने युवाओं के लिए प्रेरणादायक उदाहरण पेश किया है। गांव के लोगों ने निशांत को बधाई देते हुए कहा कि उसकी यह सफलता आने वाले समय में और भी बड़े मंचों पर देश का नाम रोशन करेगी।

## घर में घुसकर नाबालिग लड़की से छेड़छाड़

**बहादुरगढ़।** लाइनपार थाना क्षेत्र के अधीन लगती एक कॉलोनी में एक नाबालिग लड़की के साथ गलत काम करने का मामला सामने आया है। घर में घुसकर यह वारदात की गई और लड़की को जान से मारने की भी धमकी दी गई। पुलिस को दी शिकायत में एक महिला ने कहा है कि उसकी करीब 17 वर्षीय बहन उनके साथ रहती है। गत 30 सितंबर को वह घर पर अकेली थी। इसी दौरान सेक्टर 9 का निवासी एक युवक आया और बहला फुसलाकर उसके साथ अनैतिक कार्य किया। साथ ही यह भी कहा कि किसी को बताया तो जान से मार दूंगा। इसलिए वह सहमी हुई थी। अब दस अक्टूबर को पीड़िता ने हमें यह बात बताई तो मामला उजागर हुआ। फिर पुलिस को शिकायत दी गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ पोक्सो सहित अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की हकीकत जांच के बाद स्पष्ट हो पाएगी।

- लड़की को जान से मारने की दी धमकी

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

# सीएम के प्रयासों से हरियाणा में आएगा 5 हजार करोड़ का निवेश

- भाजपा नेता डॉ. पंकज जैन के अनुसार विकास की राह मजबूत करेगा सीएम का जापान दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. पंकज जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का हालिया जापान दौरा निवेश की दृष्टि से ऐतिहासिक और सफल रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ने लगभग 5 हजार करोड़ रुपए से अधिक के निवेश के लिए कई प्रमुख जापानी कंपनियों के साथ समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। डॉ. पंकज जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री सैनी के कुशल नेतृत्व में राज्य में उद्योगों को लगातार बढ़ावा मिल रहा है, जिससे रोजगार के अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि यह दौरा हरियाणा की औद्योगिक प्रगति और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। डॉ. पंकज जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी राज्य में औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन और निवेश को बढ़ावा देने के लिए जिस लग्न और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं, वह प्रशंसनीय है।


डॉ. पंकज जैन

# अबेकस और वैदिक गणित में जीते मेडल

- बाल विकास सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

बाल विकास सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने अबेकस और वैदिक गणित प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कई मेडल जीते। स्कूल डायरेक्टर एडवोकेट प्रवीण छिल्लर, डॉ. सीमा छिल्लर व प्रधानाचार्या डॉ. पूनम चौधरी ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि बच्चों ने तेज गणना की क्षमता और मानसिक संतुलन का परिचय देते हुए स्कूल का नाम रोशन किया। पहली कक्षा में भावी ने गोल्ड, निहारिका ने सिल्वर और लिवांशी ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। दूसरी कक्षा में नैरा ने गोल्ड, पूर्वी ने सिल्वर और ख्वाहिश ने ब्रॉन्ज पदक हासिल किया। तीसरी कक्षा में उमेश ने गोल्ड, दिवय ने सिल्वर और तक्ष ने ब्रॉन्ज जीता। चौथी कक्षा में भारत ने गोल्ड, मयंक ने सिल्वर और माही ने ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। पांचवीं कक्षा में दिव्या ने गोल्ड, वेदांश ने सिल्वर और निराली ने ब्रॉन्ज जीता।


बहादुरगढ़। प्रधानाचार्य डॉ. पूनम चौधरी के साथ मेडल विजेता विद्यार्थी।

### रितिका, आरुषि और शिवम में मारी बाजी

छठी कक्षा में रितिका ने गोल्ड, संध्या ने सिल्वर और सौम्या बोरा ने ब्रॉन्ज मेडल जीता, वहीं अन्य कक्षा से आरुषि सिंह ने गोल्ड, देवयांशी ने सिल्वर और महक ने ब्रॉन्ज पदक हासिल किया। सातवीं कक्षा में शिवम ने गोल्ड, अन्नन्या ने सिल्वर और समृद्धि ने ब्रॉन्ज जीता, जबकि अंशु ने गोल्ड, योगिता ने सिल्वर, अहमद और अमृत ने ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। आठवीं कक्षा में आर्यन सिंह ने गोल्ड, सोनम ने सिल्वर और प्रिया ने ब्रॉन्ज मेडल जीता, वहीं पारस ने गोल्ड, अंशुल ने सिल्वर और हर्षिता ने ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया।

**वार्ता** गुजरात के राज्यपाल से मिले राकेश सिंह

# प्राकृतिक कृषि, रेसलिंग व ओलंपिक एसोसिएशन की गतिविधियों पर चर्चा


बहादुरगढ़। राज्यपाल आचार्य देवव्रत आर्य से मुलाकात करते डॉ. राकेश सिंह कोच।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

हरियाणा रेसलिंग एसो. के महासचिव एवं हरियाणा ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह कोच ने गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत आर्य से गुरुकुल कुरुक्षेत्र में शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को बहादुरगढ़ आगमन के लिए निमंत्रण दिया। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत आर्य से मुलाकात के दौरान हरियाणा ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह कोच ने जैविक खेती और प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देने के साथ ही हरियाणा रेसलिंग एसोसिएशन व ओलंपिक एसोसिएशन की गतिविधियों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि नवंबर माह में राज्यपाल आचर्य देवव्रत के बहादुरगढ़ आने की संभावना है।

### *हरियाणा ओलंपिक गेम्स का होगा आयोजन*

*मुलाकात के दौरान सोमबीर आर्य, चेयरमैन रवि, डॉ. प्रदीप दलाल तथा डॉ. ज्योति भी उपस्थित रहे। हरियाणा रेसलिंग एसोसिएशन के महासचिव डॉ. राकेश सिंह कोच ने बताया कि हरियाणा ओलंपिक गेम्स का आयोजन होने जा रहा है। हरियाणा ओलंपिक गेम्स का शुभारंभ गुरुग्राम स्थित चौधरी देवीलाल स्टेडियम में होगा। यह आयोजन हमारे खिलाड़ियों के लिए एक बड़ा अवसर है। जो खिलाड़ी अपने दस्तावेज समय पर नहीं देंगे, उन्हें ओलंपिक गेम्स में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।*

# किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री का स्वागत


बहादुरगढ़। मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री के साथ राम अहलावत व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री एवं राजस्थान प्रदेश प्रभारी राम नरेश तिवारी का बहादुरगढ़ आगमन पर गोरैया टूरिस्ट कांप्लेक्स में किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष राम अहलावत ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सोशल मीडिया प्रभारी राजेंद्र भारद्वाज भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### सरकारी योजनाओं पर की चर्चा

कार्यक्रम के दौरान भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने किसानों के हित में केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। बैठक में यह संदेश दिया गया कि भाजपा सरकार का लक्ष्य किसानों की आमदनी दोगुनी करना और कृषि को आत्मनिर्भर बनाना है। तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना और कृषक उत्पादक संगठन जैसी योजनाएं किसानों के जीवन में बड़ा बदलाव ला रही हैं। जिलाध्यक्ष राम अहलावत ने कहा कि संगठन किसानों तक इन योजनाओं की जानकारी पहुंचाने और उन्हें लाभ दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।